प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 29.10.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रदेश में कृषि जिंसो की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर रिकॉर्ड खरीद–पिछले दो सालों में 5 लाख किसानों से 8 हजार 191 करोड़ रूपये की उपज खरीदी गई।
- जनगणना 2027 के लिए पूर्व परीक्षण प्रकिया के तहत प्रदेश में ऑनलाईन पोर्टल 1 नवम्बर से शुरू होगा।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा के रामगंज मंडी में 158 करोड़ रूपये के विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- प्रदेश में बरसात की गतिविधियों में आज से कमी की संभावना–3 नवम्बर से नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के आसार।

0000

प्रदेश में कृषि जिंसो की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर रिकॉर्ड खरीद से किसानों को काफी फायदा मिल रहा है। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि पिछले करीब दो सालों में 5 लाख किसानों से 8 हजार 191 करोड़ रूपये की उपज खरीदी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि मूंग, मुंगफली और सोयाबीन की रिकॉर्ड खरीद की गई है। श्री दक ने बताया कि खरीफ सीजन में भी एमएसपी पर कृषि जींस बेचान के लिए बडी संख्या में किसान पंजीयन करवा रहे है। अब तक 2 लाख 96 हजार से अधिक किसान खरीफ सीजन में पंजीयन करवा चुके है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि फर्जी गिरदावरी और गलत रजिस्ट्रेशन की शिकायतों पर जिला कलेक्टरों को सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

0000

जनगणना 2027 के लिए प्रदेश में स्वगणना का विकल्प 1 नवम्बर से शुरू होगा। जनगणना पूर्व परीक्षण प्रकिया के तहत ये ऑनलाईन पोर्टल 7 नवम्बर तक खुला रहेगा। सांख्यिकी विभाग के प्रमुख शासन सचिव भवानी सिंह देथा ने बताया कि इसमें आमजन 34 तरह के सवालों का जवाब देकर खुद अपना ब्योरा दर्ज कर सकेंगे।

0000

निर्वाचन विभाग प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर आज राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और जिला कलेक्टरों के साथ बैठक करेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन वीसी के माध्यम से ये बैठक लेंगे। वहीं 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक बीएलओ गणना प्रपत्रों का वितरण और संग्रहण करेंगे। इसके लिए कल से प्रशिक्षण की शुरूआत हुई।

0000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रवासी राजस्थानियों और निवेशकों को राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने कोलकाता में प्रवासी राजस्थानी मीट के दौरान प्रदेश के तेजी से बदलते औद्योगिक परिदृश्य के बारे में उद्यमियों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों और निवेशकों से राज्य की आत्मनिर्भरता की यात्रा में योगदान देने का आग्रह किया है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों ने देश दुनिया में प्रदेश का नाम रोशन किया है।

.....

0000

प्रदेश में नये वेटरनरी कॉलेज खोलने के लिए आवेदन की प्रकिया जल्द शुरू की जा रही है। पशुपालन विभाग इसके लिए नवम्बर महीने में सात दिन के लिए पोर्टल खोलेगा। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कल जयपुर में बीकानेर और जोबनेर पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय की समीक्षा बैठक में ये जानकारी दी। बैठक में इन विश्वविद्यालयों में संचालित रेफरल अस्पतालों में पशुओं के लिए निशुल्क दवाईयां उपलब्ध करवाने सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा जिले के रामगंज मंडी में कल महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया। समारोह को संबोधित करते हुए श्री बिरला ने कहा कि वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप ने स्वाभिमान और मातृभूमि के सम्मान के लिए जीवन समर्पित किया। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सच्चा नेतृत्व नीति, न्याय और करूणा से होता है। श्री बिरला ने कहा कि देश का विकास सामूहिक प्रयासों से ही संभव है।

...

श्री बिरला ने रामगंज मंडी में 158 करोड़ रूपये के विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास किया। श्री बिरला ने कहा कि हाडौती क्षेत्र में बडे पैमाने पर सिंचाई योजनाओं का काम किया जा रहा है। ताकली और अमझार बांध परियोजना से सैंकडो गांवों की भूमि सिंचित हो सकेगी। इस मौके पर श्री बिरला ने कोटा स्टोन की विश्वस्तरीय पहचान के लिए कोटा और बूंदी में स्टोन पार्क की स्थापना किये जाने की घोषणा की।

0000

प्रदेश में सक्रिय नये मौसमी तंत्र से कल लगातार दूसरे दिन बारिश का दौर जारी रहा। इसके असर से अजमेर, भीलवाडा, कोटा, चित्तौडगढ, उदयपुर और डूंगरपुर सहित कई जगह हल्की से मध्यम बरसात हुई। वहीं सर्द हवाओं ने मौसम का मिजाज बदला और ठण्ड का एहसास करवाया। अजमेर, कोटा चित्तौडगढ और उदयपुर में एक ही दिन में तापमान में करीब 12 डिग्री सैल्सियस की गिरावट आई। वहीं राजधानी जयपुर में भी 10 डिग्री से अधिक की कमी रिकॉर्ड हुई। मौसम विभाग के अनुसार आज से राज्य में बारिश की गतिविधियों में कमी के आसार है। हालांकि दक्षिण और दक्षिण पूर्वी भागों में अगले चार पांच दिन हल्की बारिश हो सकती है। आज कोटा, उदयपुर, जयपुर, अजमेर और भरतपुर संभाग में कहीं—कहीं गरज के साथ बरसात के आसार है। हमारे डूंगरपुर संवाददाता ने बताया कि जिले में अनेक स्थानों पर बरसात दर्ज की गई और ठण्डी हवायें चली।

....

प्रदेश में 3 नवम्बर से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इससे पूर्वी और पश्चिमी भागो में गरज के साथ बरसात हो सकती है।

0000

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सड़कों की मरम्मत और पेचवर्क का काम 15 नवम्बर तक पूरा करने के निर्देश दिए है। कल जयपुर में सार्वजनिक निर्माण विभाग और एनएचएआई की परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए श्री पंत ने कहा कि बारिश से खराब हुई सड़कों की मरम्मत का काम तेज गति और पूरी गुणवत्ता के साथ किया जाये।

0000